## 29-09-2021

## नागा खीरा

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. खीरा पूर्वोत्तर क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण फसलों में से एक है।
2. नागा खीरा अपनी मिठास और अनोखे हरे रंग के लिए जानी जाती है।
3. जीआई टैग एक विशिष्ट भौगोलिक मूल और प्रतिष्ठा वाले उत्पादों पर उपयोग किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण संकेत है, और न केवल उत्पाद की प्रामणिकता को दर्शाता है, बल्कि उस विधि को भी दर्शाता है, जिससे इसे बनाया गया है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :-नागालैंड के 'मीठे खीरे' को भौगोलिक पहचान (जीआई) टैग से कृषि उत्पाद के रूप में माल के भौगोलिक संकेत (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम 1999 के प्रावधानों के तहत सम्मानित किया गया है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- नागालैंड में इस फल की पांचवी सबसे ज्यादा खेती होती है, और उत्पादन में तीसरे स्थान पर पर है।
- खीरा पूर्वोत्तर क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण फसलों में एक है।
- नागा खीरा अपनी मिठास और अनोखे हरे रंग के लिए जानी जाती है।
- जीआई टैग एक विशिष्ट भौगोलिक मूल और प्रतिष्ठा वाले उत्पादों पर उपयोग किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण संकेत है। और न केवल उत्पाद की प्रामाणिकता का दर्शाता है, बल्कि उस विधि को भी दर्शाता है, जिससे इसे बनाया गया है।
- जीआई टैग समुदायों की वास्तव में अनुठी परंपराओं को बड़े उद्योगो द्वारा विनियोजित होने से बचाने के लिए है, और इस प्रकार इन क्षेत्रों को अपने पारंपरिक ज्ञान के निर्माण उत्पादन और विपणन द्वारा आर्थिक समृद्वि की अनुमति देता है।
- यह पोटेशियम से भरपूर होता है, और इसमें कम कैलारी होती है।
- पेड टमाटर (टैमारिल्लो) और प्रसिद्व नागा राजा मिर्च के दोनों क्षेत्रीय रूपों को भी जीआई टैग किया गया है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

## आकाश प्राइम मिसाइल

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. आकाश मिसाइल यह एक दूरी की मोबाइल सतह से हवा से मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है।
2. इस मिसाइल ने परीक्षण के दौरान एक मानव रहित हवाई लक्ष्य को इंटरसेप्ट किया और उसे नष्ट कर दिया।
3. इसे ओड़िशा के चांदीपुर के इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज ITR से लॉन्च किया गया।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :-हाल ही में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने 27 सितंबर 2021 को आकाश मिसाइल के एक नए संस्करण आकाश प्राइम का परीक्षण किया है।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- आकाश प्राइम मौजूदा अकाश सैम पर आधारित है। यह एक बेहतर सक्रिय RF रेडियो-फ्रीक्वेंसी सीकर से लैस है।
- आकाश प्राइम मिसाइल को इसकी सटीकता में सुधार के लिए गए एक स्वदेशी सक्रिय RF रेडियो-फ्रीक्वेंसी सीकर से लैस किया गया है।
- उच्च ऊँचाई पर कम तापमान वाले वातावरण में अधिक विश्वसनीय प्रदर्शन लाने के लिए अन्य सुधार भी किए गए है।
- ITR के रेंज स्टेशनों में रडॉर ETOS इलेक्ट्रो आप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलीमेंट्री स्टेशन शामिल है। इसने मिसाइल प्रक्षेपण और उड़ान मापदंडो की निगरानी से मदद की।
- ITR आकाश मिसाइल यह एक दूरी की मोबाइल सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है। इसे रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन DRDO द्वारा विकसित किया गया था।

## आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन

**प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन एक आसान और बाधारहित ऑनलॉइन प्लेटफार्म तैयार करेगा जो डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम के अंतर्गत स्वास्थ्य से जुड़े अन्य पोर्टल के परस्पर संचालन को भी सक्षम बनाएगा।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

2. नए मिशन के तहत अब प्रत्येक नागरिक को एक डिजिटल हेल्थ आईडी मिलेगी और उनके स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखा जाएगा।
3. आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन अब देश भर के अस्पतालों के डिजिटल स्वास्थ्य समाधानों को एक दूसरे से जोड़ेगा।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03
(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :-केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने स्वस्थ अमृत के निरंतर समावेश और तीन साल पुराने आयुष्मान भारत के आरोग्य मंथन के जरिए देश के अंतिम नागरिक तक इस सेवा का लाभ पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-**

- श्री मांडविया ने इस योजना को लेकर अपना विश्वास व्यक्त किया और छः केन्द्र शासित प्रदेशों में इसके त्वरित कार्यान्वयन पर ध्यान दिलाया।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन अब पूरे देश के अस्पतालों के डिजिटल हेल्थ समाधनों को एक दूसरे से जोड़ेगा। इस मिशन से ना केवल अस्पतालों की प्रक्रियाएं सरल होगी, बल्कि इससे जीवन की सुगमता भी बढ़ेगी।
- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन एक आसान और बाधारहित ऑनलाइन प्लेटफार्म तैयार करेगा, जो डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम के अंतर्गत स्वास्थ्य से जुडे अन्य पोर्टल के परस्पर संचालन को भी सक्षम बनाएगा।
- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन अब देश भर के अस्पतालों के डिजिटल स्वास्थ्य समाधनों को एक दूसरे से जोडेगा।
- देश के दूर-दराज इलाकों के गांवों में रहने वाले हमारे भाई-बाहनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी, आज इस मिशन की शुरूआत के साथ हम उनके जीवन को बेहतर बनाने की दिशा मे एक कदम और आगे बढ़ रहे है।
- हेल्थ आईडी मिलेगी और उनके स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखा जायेगा।

00000

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS